दिन—शनिवार | दिनांक— 01 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। | अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा — इस वर्ष के आम बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र और ग्रामीण भारत को समृद्ध बनाना है।

02. सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण में उत्तीर्ण उनसठ हजार से अधिक नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

03. देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह की शुरूआत हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

04. और, रमजान का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। मस्जिदों में तरावीह नमाज के लिए की गयी है विशेष व्यवस्था।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। श्री मोदी कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश दो बड़े लक्ष्यों— कृषि क्षेत्र का विकास और गांवों की समृद्धि को साथ लेकर बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत छह वर्षों में लगभग ग्यारह करोड़ किसानों के बैंक खाते में पौने चार लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि भेजी जा चुकी है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि पोषण को लेकर लोगों के बीच बढ़ती जागरूकता के कारण बागवानी, डेयरी और मत्स्य पालन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दिया गया है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वामित्व योजना से संपत्ति मालिकों को रिकॉर्ड ऑफ राईट्स मिला है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अबतक एक करोड़ पच्चीस लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने केंद्रीय बजट में पीएम धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की है, जिसके तहत देश में सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले सौ जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

---

सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण में उत्तीर्ण उनसठ हजार से अधिक नियोजित शिक्षकों को आज विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किये। श्री कुमार ने शिक्षकों को बधाई देते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि जिन नियोजित शिक्षकों ने अभी तक सक्षमता परीक्षा नहीं दी है, उन्हें इस परीक्षा में शामिल होना चाहिए।

---बाइट---

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार मौजूद थे। इधर, जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में भी विशिष्ट शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। विशिष्ट शिक्षकों में पचपन हजार आठ सौ पैंतालीस प्रारंभिक शिक्षक, दो हजार पांच सौ बत्तीस माध्यमिक शिक्षक और छह सौ इक्यावन उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं।

---

देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम सात मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के रथ और दस अन्य वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

---बाइट---

जन चेतना के माध्यम से जो हम लोग सात मार्च हम जन औषधि दिवस मना रहे हैं और महत्वकांक्षी लक्ष्य लेकर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम सब लोगों ने तय किया है कि 2027 तक हम 25 हजार केंद्र तक हो जाएंगे। तो एक लंबी यात्रा हम लोग कर पा रहे हैं। जहां हमने 80 केंद्रों से शुरू किया था आज हम 15 हजार केंद्रों तक खडे हैं। हम बीस हजार साल के अंत तक कर लेंगे और 25 हजार अगले साल तक कर लेंगे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर मिलने वाली दवाएं आम दवाओं की तुलना में सत्तर से अस्सी प्रतिशत तक सस्ती हैं।

———बाइट———

इस योजना के माध्यम से आज हमने देशभर में पंद्रह हजार के करीब ऐसे स्टोर्स खोले हैं जिसमें आज आम नागरिकों को न केवल किफायती बल्कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं और सर्जिकल इक्विपेंट्स मिल रहे हैं। दो हजार 47 के करीब दवाएं और तीन सौ से अधिक सर्जिकल उत्पाद जनता को बहुत ही कम दामों पर बाजार में जो ब्रेंडेड दवाएं मिलती हैं उनसे यदि तुलना करें तो 70, अस्सी प्रतिशत कम दामों पर यह सब उपलब्ध हो रहा है जिससे जनता की तीस हजार करोड रूपए की बचत हुई है।

———————————————————

रमजान का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान की शुरूआत पर मुस्लिम धर्मावलंबियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। रमजान को लेकर मस्जिदों में तरावीह नमाज के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि रमजान को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गयी है। सेवई, सूखे मेवे, फल और मिठाईयों की दुकान पर विशेष भीड़ देखी जा रही है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चौहत्तरवें जन्मदिवस पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के नये पथ पर अग्रसर हुआ है। श्री मोदी ने उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, अर्जुन राम मेघवाल, गिरिराज सिंह और चिराग पासवान तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने श्री कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

एनडीए का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आज मधेपुरा में आयोजित किया गया। सम्मेलन में सभी पांचों घटक दल—भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। सम्मेलन में वक्ताओं ने एनडीए कार्यकर्ताओं से एकजुटता और समन्वय के साथ आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में लोगों के बीच जाने की अपील की।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत आस–पास के हिस्सों में आज सुबह तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। वैशाली जिले के राजापाकर में सबसे अधिक चार दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, कैमूर और भागलपुर समेत दस जिलों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———बाइट———

———————————————————

जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटौना और दौलतपुर घाट के बीच अवैध बालू खनन की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर बालू माफिया ने फायरिंग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालू माफिया की ओर से दस राउंड फायरिंग की गयी। इसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। गोलीबारी के बाद सभी आपराधिक तत्व दौलतपुर की ओर भाग गए। पुलिस ने मौके से तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। बालू माफिया की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————

शेखपुरा के जिलाधिकारी आरिफ अहसन ने दाखिल–खारिज में लोगों से अवैध तरीके से रूपये वसूलने के दोषी अरियरी प्रखंड के राजस्व कर्मी विष्णु यादव को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इधर, जिले में पदस्थापित दो उत्पाद अवर निरीक्षकों श्रीनिवास पटेल और सिकन्दर कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन दोनों पर शराब की तस्करी में शामिल अभियुक्तों को छोड़ने का आरोप है।

———————————————————

अररिया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रहिका टोला में एक सूखे पेड़ की टहनी अचानक टूट कर गिर गयी। इस हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने एनएच–तीन सौ सत्ताईस को जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————

दरभंगा में पिछले इक्कीस दिनों से लापता युवक की इलाज के दौरान मौत से आक्रोशित लोगों ने विश्वविद्यालय थाना की पुलिस टीम पर हमला कर दिया। लोगों ने

पुलिस की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही सड़क पर टायर जलाकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया।

---

कटिहार के बालिका गृह से दो नाबालिग लड़कियां फरार हो गयीं। इस संबंध में बालिका गृह की वार्डन ने सहायक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

---

पटना के फतुहा में एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। साथ ही कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

---

पूर्णिया के के. नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो सौ चार ग्राम मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – इस वर्ष के आम बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र और ग्रामीण भारत को समृद्ध बनाना है।

02. सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण में उत्तीर्ण उनसठ हजार से अधिक नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

03. देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह की शुरूआत हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

04. और, रमजान का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। मस्जिदों में तरावीह नमाज के लिए की गयी है विशेष व्यवस्था।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।